लोक सभा अध्यक्ष ने कैंसर के उपचार के लिए भारत द्वारा मंगोलिया को भेंट की गई भाभा ट्रोन-II रेडियो थेरेपी मशीन के प्रचालन का उद्घाटन किया

उलनबतोर (मंगोलिया), 21 अप्रैल, 2016 : लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन जो इस समय मंगोलिया में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रही हैं, ने मंगोलिया की संसद की ग्रेट उरल के चेयरमैन, श्री जेड एन्खबोल्ड के साथ कैंसर के उपचार के लिए भारत द्वारा भेंट की गई भाभा ट्रोन-II रेडियो थेरेपी मशीन के प्रचालन का उद्घाटन किया। यह मशीन उलनबतोर (मंगोलिया) में मंगोलिया के नेशनल कैंसर सेंटर में लगाई गई है।

स्मरण रहे कि मई, 2015 में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा मंगोलिया की पहली यात्रा के दौरान, श्री नरेन्द्र मोदी ने भारत और मंगोलिया के संबधों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पहलों की घोषणा की थी। इसी घोषणा के अनुसरण में श्रीमती महाजन ने उपर्युक्त सुविधा का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर श्रीमती महाजन ने आशा व्यक्त की कि इस आधुनिकतम प्रौद्योगिकी से मंगोलिया में जरूरतमंदों को सहायता दी जा सकेगी जिससे दोनों देशों के बीच पहले से ही अच्छे और घनिष्ठ संबंध और मजबूत होंगे। इस बात का उल्लेख करते हुए कि कैंसर आधुनिक काल का सबसे बड़ा संकट है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विशेष रूप से निर्धनतम और जरूरतमंद लोगों के लिए कैंसर के निवारण और रोगोपरांत उपचार के लिए अधिकाधिक केन्द्र स्थापित किए जाने चाहिए।

यह मशीन भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र द्वारा कैंसर के रोग का मुकाबला करने के लिए भारत में ही तैयार की गई। कैंसर पूरे विश्व में एक मुख्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या बन गई है। भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र ने एक उन्नत टेलीकोबाल्ट मशीन का उपयोग करके भाभा ट्रोन-II मशीन तैयार की है। इस मशीन के कार्यनिष्पादन के मानदंड बहुत अच्छे हैं और इसे इस्तेमाल करना बहुत आसान है। कम बिजली का उपयोग करने और बैटरी बैकअप होने के कारण यह मशीन ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों के लिए उपयुक्त है।